Title: Need to construct an underground bridge at Mou Railway Junction in Ghosi Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री बालकृष्ण चौहान (घोसी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी जनपद मऊ, उ. प्र. के पूर्वोत्तर रेलवे के रेलवे स्टेशन मऊ जंक्शन पर (नगर में जाने वाली सड़क पर) रेलवे गेट के नीचे अधोगामी सेतु (अण्डर ग्राउंड ब्रिज) के निर्माण हेतु दिलाना चाहता हूं। यह मऊ नगर साड़ी उत्पादन का बहुत बड़ा केन्द्र है जो भारत के साथ साथ दुनिया में अपना स्थान रखता है। यहां की जनसंख्या बढ़ जाने तथा साड़ी का व्यापारिक कार्य बढ़ जाने तथा जिला मुख्यालय बनने से कार्यालयों में वृद्धि हो जाने के कारण, उपरोक्त सड़क पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है और इस रोड पर रेल लाइन जो १०० वर्षों से पहले की बनी है, क्रास होने के कारण, नगर दो भागों में विभक्त हो गया है। लाखों लोगों को दिन में कई बार इस रोड से आना जाना होता है जब कि रेल यातायात भी अधिक होने के कारण दिन में बार बार रेलवे गेट बंद रहने से लाखों लोगों के आवागमन में बाधा पड़ती है। वाहनों के रुक जाने पर सारा नगर ट्रैफिक से जाम हो जाता है तथा मुख्य बाजार होने के कारण जनता की भीड़ लग जाती है जिससे सारे कार्यों में व्यवधान पड़ जाता है। यहां की जनता में काफी असंतोष है। यहां की जनता उक्त अधोगामी सेतु की बहुत दिनों से मांग कर रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मऊ नगर में जाने वाली सड़क पर रेलवे गेट के नीचे अधोगामी सेतु (अण्डर ग्राउंड ब्रिज) का निर्माण किया जाये।